aglasem.com

FOR UP CLASS 11 PREPARATION

UP Board Class 11 Syllabus 2027 Trade 33 Hand Block Printing

EXAM	YEAR	TYPE
UP Class 11	2027	Syllabus

शैक्षिक सत्र–2026–27
(33) ट्रेड–हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं वेजेटेबुल डाइंग
कक्षा–11

उद्देश्य–

1–विभिन्न प्रकार के तन्तुओं, धागों एवं वस्त्रों की पहचान एवं उनका चुनाव करने के योग्य बनाना।
2–रंगाई और हस्त ब्लाक छपाई की विभिन्न तकनीकों के लिये विभिन्न प्रकार के रंजकों, रंगों, धागों एवं कपड़ों की पहचान कराना तथा उनका चुनाव करने में सहायता प्रदान करना।
3–विभिन्न प्रकार की यंत्र कलाओं में प्रयोग किये जाने वाले साज–सज्जा उपकरणों तथा सहायक सामग्री का चुनाव करने में दक्ष बनाना।
4–साज सामान की रख–रखाव एवं उनके उपयोग के लिये दक्षता का विकास करना।
5–उपलब्ध उपकरणों के स्रोतों के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करना।
6–रंगाई, छपाई एवं डिजाइन के लिये कल्पनात्मक सौन्दर्य का विकास करना।
7–बाजार की प्रचलित नवीनतम फैशन प्रवृत्ति का परिचय करना।
8–योजना को स्थापित करने में उसके निर्देशन एवं रख–रखाव में आत्म–निर्भरता प्राप्त करना।
9–नियोजित ढंग के कार्य का विस्थापन करना।
10–कार्य को पूरा करने और बण्डल बांधने की विधियों से अवगत कराना।
11–उद्योग धन्धों के विकास को समझना और उसे बृद्धिमत्ता से ग्रहण करने की क्षमता का विकास करना।
12–उपलब्ध साधनों और यंत्र कलाओं के मूल डिजाइन का निर्माण करने की कला का विकास करना।
13–सम्बन्धित व्यवसाय में कार्य करने वाले अन्य लोगों के साथ सहयोग करने की प्रवृत्ति का विकास करना।
14–सूचना देने के लिये प्रभावशाली एवं साधारण संचार साधनों की तकनीक से अवगत कराना।

स्वरोजगार के अवसर–

1–स्वरोजगार के अन्तर्गत अपनी इकाई स्वयं लगाकर व्यवसाय कर सकता है।
2–मजदूरी रोजगार जिसमें लोग दूसरे के लिये कार्य करते हैं, उसके लिये वह पारिश्रमिक पाते हैं।
3–रंगसाज बन सकते हैं।
4–डिजाइनर–(1) रंगाई का डिजाइनर।
(2) ब्लाक छपाई का डिजाइनर।
5–हाबी कोर्स (अभिरुचि कक्षायें) केन्द्र खोला जा सकता है।
6–संग्रहालय सहायक (टेक्सटाइल अनुभाग) बन सकता है।
7–निर्देशक (कार्यानुभव हेतु स्कूल टेक्सटाइल क्राफ्ट हेतु)।
8–समापन तकनीशियन बन सकते हैं।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक–				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–	400		200	

टीप–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(टेक्सटाइल विज्ञान एवं डिजाइन)

1–1–(क) तन्तु का परिचय, 20 अंक
(ख) वर्गीकरण,
(ग) परीक्षण।
2–(क) धागों का परिचय,
(ख) धागे का वर्गीकरण।

2–1–(क) डिजाइन की परिभाषा– 30 अंक
सिद्धान्त, आकार, लय, सादृश्य इत्यादि
(ख) परिप्रेक्ष्य के सिद्धान्त,
(ग) परिप्रेक्ष्य का वर्गीकरण, परिप्रेक्ष्य का डिजाइन में प्रयोग।
2–(क) रंग की परिभाषा एवं सिद्धान्त,
(ख) रंग चक्र का निर्माण।
3–रंग योजना–
(क) सहयोगी,
(ख) विरोधी।
3–रंग का प्रभाव– 10 अंक
(क) शेड, (ख) टिन्ट, (ग) टोन, (घ) रंग की वैल्यू, (ङ) गर्म रंग, (च) ठण्डे रंग।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(ड्राइंग एवं कलर स्कीम)

1–1–डाई का वर्गीकरण, वेजिटेबिल, डायरेक्ट, एसिड बेसिक तथा मारडेण्ट पिगमेन्ट रिऐक्टिव ब्रेथाल डंडगो वाल तथा सल्फर रंगों का संक्षिप्त अध्ययन। 20
2–डायरेक्ट, बेसिक पेरिस मारडेण्टा डाई का अध्ययन।
2–1–रियेक्टिव डाई ठण्डी तथा गर्म रंगों का अध्ययन। 20
2–एसिड तथा एसिड मारडेन्ट डाई का अध्ययन।
3–1–पिगमेन्ट एवं फ्लोरोमेन्ट पिगमेन्ट का अध्ययन। 10
2–इंडिमोसील तथा डिस्परसील रंगों का अध्ययन।
4–1–ब्रेथाल का अध्ययन, साल्ट तथा बेस से प्रतिक्रिया एवं सल्फर रंग। 10
2–ब्लीचिंग की विस्तृत जानकारी।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(एडवांस ब्लाक डिजाइनिंग)

1–1–उत्तर प्रदेश ब्लाक डिजाइनिंग एवं प्रिंटिंग– 20
(क) आधुनिक एवं फैन्सी डिजाइन एवं छपाई।
(ख) वर्तमान डिजाइन पर अन्य प्रदेशों का एवं पुरानी पारम्परिक डिजाइन का प्रभाव।
2–(क) किसी भी डिजाइन में एवं ब्लाक डिजाइन में भिन्नता।
(ख) फैब्रिक स्ट्रक्चर का अर्थ, डिजाइनों का छोटा, बड़ा एवं पदार्थ आकार में तैयार करने की तकनीक। 14
2–राजस्थान की ब्लाक डिजाइन–स्थान, स्टाइल रंग योजना, कपड़ा तकनीक का अध्ययन।
3–काटन–केसमेन्ट, पॉपलीन, केम्ब्रिक पर बने ब्लाक डिजाइनों की विशेषता तथा महत्व। 16
काटन मोटे वस्त्रों के लिये उपर्युक्त डिजाइनों की विशेषता।
4–पतले वायल पर आरगन्डी सूती वस्त्रों पर उपर्युक्त डिजाइन का चुनाव विशेषता। 10
जाली वाले वस्त्र के लिये डिजाइन की विशेषता, महत्व।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग)

1–1–ब्लाक प्रिंटिंग की उत्पत्ति एवं विकास। 20
2–ब्लाक प्रिंटिंग का इतिहास।
2–1–ब्लाक प्रिंटिंग की तकनीक, सीमाओं का ज्ञान। 20
2–ब्लाक प्रिंटिंग का वर्गीकरण, डायरेक्ट डिस्चार्ज पिगमेंट।
3–ब्लाक बनाने के लिये लकड़ी का चुनाव करना और ब्लाक काटने से पहले लकड़ी को तैयार करना। 10
4–ब्लाक बनाने की तकनीक का अध्ययन। 10

पंचम प्रश्न–पत्र
(ब्लाक प्रिंटिंग उद्योग एवं प्रबन्ध)

1–1–ब्लाक प्रिंटिंग उद्योग–विभिन्न प्रकार के बड़े एवं छोटे उद्योग का विस्तृत अध्ययन। 20
2–उद्योग एवं लघु उद्योग लगाने के लिये आवश्यक बातों का विस्तृत अध्ययन।

2–छपे माल की बिक्री का माडल प्लान व बजट तैयार करना। 10
3–ब्लाक डिजाइनर उद्योग लगाना एवं माडल प्लान तैयार करना। 10
4–1–ब्लाक ड्राइंग उद्योग में लगने वाले उपकरण और सामग्री का अध्ययन। 20
2–ब्लाक प्रिंटिंग उद्योग में लगने वाले उपकरण और सामग्री का तकनीकी अध्ययन।
3–ब्लाक डिजाइनिंग में लगने वाले प्रत्येक उपकरण और सामग्री का तकनीकी ज्ञान।

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–(क) तन्तुओं का परीक्षण।
(ख) तन्तुओं का संग्रह।
2–(क) धागे की पहचान एवं वस्त्रों की पहचान।
(ख) धागों का नमूना फाइल तैयार करना।
3–(क) पदार्थ चित्रण, स्थित चित्रण, डिजाइन संयोजन।
(ख) प्रकृति चित्रण दृश्य, फल, पत्तियां, पशु–पक्षी।
4–(क) पदार्थ चित्रण पर आधारित डिजाइन संयोजन।
(ख) आकृति चित्रण पर आधारित संयोजन।
5–(क) डिजाइन में सहयोगी रंग योजना का प्रयोग।
(ख) डिजाइन में विरोधी रंग योजना का प्रयोग।
6–(क) डिजाइन में ठंडे रंगों का प्रयोग।
(ख) डिजाइन में गर्म रंगों का प्रयोग।
7–प्रारम्भिक डिजाइन का निर्माण एवं इनका वस्त्र डिजाइन में प्रयोग।

द्वितीय प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–इन रंगों से सूती कपड़ा रंगना तथा इनकी विशेषतयें देखना।
2–इन रंगों से रंगकर एवं छापकर सैम्पुल निकालना।
3–सिल्क रंगकर तथा छापकर सैम्पुल निकालना।
4–इन रंगों के लिये विशेष पेस्ट तैयार करना तथा छापना।
5–इन रंगों से रंगकर तथा छापकर देखना।
6–छापकर सैम्पुल निकालना।

तृतीय प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–आधुनिक एवं फैन्सी डिजाइन का निर्माण कार्य (कागज)।
2–ब्लाक की डिजाइन को कपड़े पर से बड़ा एवं छोटा करना (कागज)।
3–फैन्सी राजस्थानी स्टाइल की डिजाइन तैयार करना (कागज)।
4–काटन मोटे वस्त्रों के लिये आकर्षक डिजाइन का निर्माण कागज पर तैयार करें। कढ़ाई का प्रभाव वाली फैन्सी ब्लाक डिजाइन का निर्माण कागज पर करें।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–सूती दुपट्टे पर ब्लाक छपाई करना।
2–ड्रेस ;क्तमेद्ध मैटीरियल का कपड़ा छापना।
3–टेबुल क्लाथ, मैट, डायनिंग सेट की छपाई करना।
4–वायल या आरगंडी की साड़ी छापना।
5–चादर पर ब्लाक प्रिंटिंग करना।

पंचम प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–विभिन्न प्रकार के बड़े उद्योगों के भ्रमण का अनुभव प्राप्त करना और अपने उद्योग लगाने के लिये डायरी तैयार करना।
2–छोटी–छोटी इकाइयों को जाकर देखना और उनकी कार्य प्रणाली से सहायता प्राप्त कर रिपोर्ट बनाना।
3–प्रिंटिंग उद्योग का नक्शा तैयार करना।
4–डिजाइन स्टूडियो का नक्शा तैयार करना।
5–प्रिंटिंग मेज की डिजाइन तैयार करना।
6–ड्राइंग बोर्ड की डिजाइन तैयार करना विभिन्न प्रकार की नापों में।
7–डिजाइन से सम्पर्क स्थापित कर डिजाइन रिपोर्ट तैयार करना।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा

हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा का विभाजन निम्नवत् होगा–

आन्तरिक मूल्यांकन 200 अंक

नोट–समय 10 घंटा (दो दिनों में)

(क) लघु प्रयोग दो दिये जायें, प्रत्येक का समय 2+2=4 घण्टे।

(ख) दीर्घ प्रयोग दो दिये जायें, प्रत्येक का समय 3+3=6 घण्टे।

लघु प्रयोग–

		समय
प्रयोग नं0 1	20 अंक	2 घण्टे
प्रयोग नं0 2	20 अंक	2 घण्टे
मौखिक	10 अंक	–
योग ..	50 अंक	

उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–

(i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) जुलाई द्वितीय सप्ताह 20 अंक
(10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)

(ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) अगस्त अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) नवम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) दिसम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

नोट– उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।